Need to take remedial measures to check the increasing number of cancer patients due to polluted water in Gwalior Parliamentary Constituency- laid

श्री विवेक नारायण शेजवलकर (ग्वालियर): ग्वालियर लोक सभा क्षेत्र की भितरवार विधानसभा के अंतर्गत आने वाले घाटीगांव ब्लॉक के ग्राम बरई, पनिहार एवं आस-पास के गांवों में लगातार कैंसर रोगियों की संख्या बढ़ रही है । मेरे संज्ञान में आया है कि जलशक्ति मंत्रालय के भू-जल बोर्ड की टीम ने इस क्षेत्र में कैंसर रोगियों की बढ़ती संख्या के कारणों को जानने के लिये सर्वे किया था । इस सर्वे रिपोर्ट में पाया गया है कि यहां के पानी में कैंसर कारक तत्व है जिनसे कैंसर रोगियों की संख्या लगातार बढ़ रही है । दूषित जल के चलते पर्यावरण के भी नुकसान होने की आशंका बनी हुई है । मेरा माननीय जलशक्ति मंत्री जी से आग्रह है कि सर्वे टीम द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट पर आपके मंत्रालय द्वारा की जा रही कार्यवाही से अवगत कराने हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करने एवं जल्द से जल्द इस समस्या के निराकरण हेतु आवश्यक कदम उठाने की कृपा करें जिससे इस क्षेत्र नें बढ रहे कैंसर रोगियों की संख्या को रोका जा सके ।